
KBBS

# रक्तिमा

BLOOD DONOR LIFE SAVER

Official Bulletin of KOTA BLOOD BANK SOCIETY, KOTA for Private Circulation Only
Volume 11 | May 2019



## अध्यक्ष की कलम से...

सम्मानीय सदस्यगण एवं रक्तदातागण

कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के 22 वें रक्तदाता सम्मान समारोह पर आप सभी का अभिनंदन।

अप्रेल 1997 से कोटा ब्लड बैंक पूर्ण निष्ठा एवं सेवाभाव से प्रगति के पथ पर अग्रसर होकर वर्तमान स्वरुप में, आप के सामने प्रस्तुत है। आधुनिकतम उच्च तकनीक से बने उपकरणों युक्त ब्लड बैंक कोटा में, कोटा के रक्तदाताओं को ही समर्पित है। हमारा सदैव प्रयास पूर्ण स्वैच्छिक रक्तदान का लक्ष्य प्राप्त करने का रहा है। हमारे इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं प्रेरको का पूर्ण सहयोग मिलता रहा है।

सेवाभाव के इसी क्रम में हमने एक पैथोलोजी लेब की सेवाऐं कोटा की जनता को देने का प्रयास किया है। इस लेब में सभी तरह की जांच उचित दरों पर (बाजार से कम दरों पर) उपलब्ध है। समय एवं सरकार के नियमों एवं आवश्यकताओं के अनुरुप समस्त प्रकार की जॉच यहां नियमित रुप से की जाती है।

कोटा ब्लड बैंक सोसायटी में प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को थैलिसीमिया से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जाता है। इन बच्चों से न तो रक्त के बदले रक्त लिया जाता है, और न ही रक्त जॉच शुल्क अथवा कोई सेवा शुल्क लिया जाता हैं। थैलिसिमिया बीमारी परिवार के लिये बहुत परेशानी पैदा करती है। हम इसके निदान, उपचार व बचाव के बारे में जागरुकता पैदा करना चाहते है तथा पूरी हाड़ौती के थैलीसिमिक बच्चों को रक्त की उपलब्धता निश्चित करने की भावना रखते है। इसमें सारे रक्तदाताओं व दानदाताओं का सहयोग अपेक्षित है।

हम आप सब को एक बार फिर विश्वास दिलवाना चाहते है कि हमारा ध्येय कोटा की जनता की निश्छल भावना से सेवा करना है।

**प्रेम बाठला**



## सचिव प्रतिवेदन...

कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के 22 वें स्थापना दिवस पर आप सभी का अभिनंदन।

अप्रेल 97 से कार्यरत कोटा ब्लड बैंक पूर्ण निष्ठा एवं सेवाभाव से करते हुवे प्रगति के सौपान पर चढ़ता जा रहा है। यहां यह कहना अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं होगा कि इस बैंक को नई सौपानों पर पहुँचाने में सभी सोसाइटी सदस्यगणों एवं रक्तदाताओं का पूर्ण समर्पण एक कारण है।

आप सभी का जानकार हर्श होगा कि हमने एक पैथोलोजी लेब की सेवाऐं कोटा की जनता को देना प्रारंभ कर दिया है। इस लेब में सभी तरह की जांच उचित रेट पर उपलब्ध है। हम ने इस भावना के साथ उक्त लेब को प्रारंभ किया है कि कोटा की जनता को रियायती दर पर समस्त प्रकार की जांच उपलब्ध हो।

इस वर्ष 2018-19 में हम कुल 10315 यूनिट कम्पोनेन्ट मरीजों को उपलब्ध कराये है। 13 अप्रेल 97 से 31 मार्च 2019 तक ब्लड बैंक ने 23567 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चो को रक्त उपलब्ध करवाया है। प्रतिमाह करीब 100 से 125 बच्चो को निःशुल्क रक्त दिया जाता है । इस वर्ष अप्रेल 2018 से मार्च 2019 तक 1445 युनिट रक्त थेलेसीमिया बच्चो को दिया गया।

थैलेसीमिया जागरूकता के लिए कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी रोटरी क्लब कोटा एवं रोटरी पद्मिनी कोटा के सहयोग से स्कूल, कॉलेजों में इस बीमारी की जानकारी दी जा रही है ताकि भविश्य में कोई भी बच्चा थैलेसीमिया से पीड़ित न हो। जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी के सहयोग से सरकारी स्कुलों में लड़कियों के रक्त जॉच शिविर आयोजित किए जा रहे है।

अप्रेल 2018 से मार्च 2019 तक 102 रक्तदान शिविर आयोजित किये गये एवं 8259 यूनिट रक्त स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा प्राप्त हुआ जो कुल रक्तदान का 84.2 प्रतिशत है। हम उन सभी संस्थाओं के आभारी है जिन्होंने विभिन्न कैम्पों के माध्यम से रक्तदान करवाया। शत-प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान प्राप्ति के इस महायज्ञ में आप सब का सहयोग अपेक्षित है। क्योंकि आप के द्वारा हम हर घर में स्वैच्छिक रक्तदान का संदेश पहुंचा सकते है।

**राजकुमार जैन**

## कार्यकारिणी पदाधिकारी



**श्रीमति लता कोठारी**, उपाध्यक्ष



**श्री गिरिराज राठी**, कोषाध्यक्ष



**श्री संजय सोनी**, संयुक्त सचिव

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 2018-19




एच.डी.एफ.सी बैंक लिमिटेड




श्री सर्राफा बोर्ड, कोटा एवं बंगाली स्वर्ण कला समिति




वेर्स्टन सेन्ट्रल रेल्वे एम्पलाइज युनियन, कोटा




उत्तम महिला समिति, गढ़ेपान




श्रीराम रेयन्स, कोटा




डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड, कोटा




श्री लव शर्मा, कोटा




भारत विकास परिषद्, छीपाबड़ौद

रक्तदान से रोक लो मरणासन्न की मौत घर-घर में जलती रहे सबकी जीवन जोत

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 2018-19






श्री जाकिर रिजवी, कोटा




एस.आर. पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, कोटा




श्री शिरडी साँई सेवा समिति, कोटा




रेजोनेन्स एड्यूवेन्चर्स लिमिटेड, कोटा




श्री महेश विजय जी के जन्मदिवस के अवसर पर




एलेन स्टुडेंट वेलफेयर सोयइटी, कोटा




नयापुरा व्यापार संघ, कोटा स्व. श्री घटकचंद जैन जी की पुण्यस्मृति में
एवं मारवाडी अग्रवाल दिगम्बर जैन समाज, कोटा




अमित चैरटेबल ट्रस्ट, तालेड़ा

**धन्य-धन्य माता हुई या ऐसी सन्तान, जो औरों के वास्ते, करती शोणित दान**

## पैथोलॉजी लेबोरेट्री का शुभारंभ

पिछले 22 वर्षों से कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी हाड़ौती के रहवासियों को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध करा रही हैं। अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए 15 अगस्त 2018 को कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी पैथोलोजी लेबोरेट्री का शुभारंभ डॉ. एन. के. जोशी ने किया। जिसका एकमात्र उद्देश्य न्यूनतम दरों पर कोटावासियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सकीय जाँचे उपलब्ध कराना है।





### रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम

31 अक्टुबर को सरदार पटेल जयंति के मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सांगोद में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. पी. एस. झा ने छात्र-छात्राओं को रक्त और रक्तदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं को भी हल किया। इस मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर में 65 युनिट रक्तदान हुआ। इस शिविर में सी. एस. आर. विभाग सी. एफ.सी.एल. गडेपान का भी सहयोग रहा।




16 एवं 17 मार्च 2019 को रोटरी क्लब द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला में कोटा ब्लड़ बैंक सासाइटी ने भाग लिया। इस मौके पर श्री मुक्तानंद अग्रवाल, कलेक्टर, कोटा के कर कमलों द्वारा थैलेसीमिया जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी पैथौलॉजी लेबोरेट्री के अंतर्गत मेले में आने वाले लोगों को निःशुल्क ब्लड ग्रुप जाँच की गई।



कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी पैथौलॉजी और जैन सोशल ग्रुप संगिनी ने 18 अप्रैल 2019 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तलवंडी में रक्त जाँच (सीबीसी) का कैम्प आयोजित किया गया।

**KOTA BLOOD BANK SOCIETY**
Kamal Kasliwal Bhawan 1, Basant Vihar, Kota | Ph. 0744-2402020. 2402010
E-mail : kotabloodbank_97@rediffmail.com | Website : www.kbbskota.com | Facebook : kotabloodbanksociety

हँसते हँसते कीजिए रक्तदान का काम, ताकि दुःखियों को मिले जीवन का आराम